मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-618
12/12/2023

# मुख्यमंत्री ने केसरिया स्तूप के मार्गीय सुविधा केंद्र सह कैफेटेरिया का किया उद्घाटन, पर्यटकीय सुविधा के विकास कार्यों का भी किया शिलान्यास

पटना, 12 दिसम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत केसरिया स्तूप के मार्गीय सुविधा केंद्र सह कैफेटेरिया का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस योजना की लागत राशि 6.90 करोड़ रूपये है। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनर्मित कैफेटेरिया भवन का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत अच्छे ढंग से कैफेटेरिया भवन बन गया है। इसके बन जाने से यहां आने वाले पर्यटकों को ठहरने में सुविधा होगी। पर्यटक सुविधा केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर केसरिया स्तूप के प्रागंण में पर्यटकीय सुविधा के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसकी लागत राशि 19.77 करोड़ रूपये की है। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने केसरिया स्तूप के परिसर में कराये जानेवाले विकास कार्यों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महाबोधि मंदिर बोधगया के बौद्ध भिक्षुओं ने मंत्र उच्चारण किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर का विकास कार्य इस ढंग से करायें कि यहां आनेवाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य सड़क से केसरिया बौद्ध स्तूप तक आवागमन हेतु बेहतर पथ का निर्माण कराएं। यहां आनेवाले लोग केसरिया बौद्ध स्तूप के चारों तरफ सहूलियत पूर्वक घूम सकें, इसके लिए भी सुगम रास्ते का निर्माण कराने हेतु व्यवस्था सुनिश्चत करें। यहां काफी संख्या में पर्यटकों का आना स्वाभाविक है। केसरिया बौद्ध स्तूप के चारों तरफ प्रर्याप्त रौशनी की व्यवस्था करायें ताकि रात के समय भी लोग इसे ठीक ढंग से देख सकें। इसके लिए स्तूप के चारों तरफ हाई मास्क लाइट लगवाएं, जिससे स्तूप के साथ–साथ पूरा प्रागंण रात में जगमग रहे। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया यदि इसके लिए परमिशन नहीं देता है तो स्तूप के चारों तरफ इंड प्वाइंट से हाई मास्क लाइट के जरिए प्रयाप्त रौशनी की व्यवस्था करें। हमलोगों ने केसरिया बौद्ध स्तूप को सुरक्षित रखने एवं इसके विकास के लिए अनेक काम कराये हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप का परिक्रमा कर नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

इस असवर पर वित्त वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन सह मोतिहारी जिला के प्रभारी मंत्री श्री सुनील कुमार, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा, विधायक श्री मनोज कुमार यादव, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पर्यटक निदेशक श्री विनय कुमार राय, बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमिटी के सचिव श्रीमती महाश्वेता महारथी, चम्पारण क्षेत्र बेतिया रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री जयंत कांत,

मोतिहारी के जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक श्री कांतेश कुमार मिश्र, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री नंदकिशोर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी, बौद्धभिक्षुक एवं आमजन उपस्थित थे।

******